इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.inसे
भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 23] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 7 जून 2019—ज्येष्ठ 17, शक 1941

भाग ४

विषय-सूची

(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक.
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम.
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अन्तिम नियम.

भाग ४ (क)—कुछ नहीं

भाग ४ (ख)—कुछ नहीं

भाग ४ (ग)

अन्तिम नियम

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक एफ 01-09-02018-तीस.— भोपाल, दिनांक 31 मई 2019

भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय

(राजपत्रित) सेवा के लिए भरती से संबंधित निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:--

नियम

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**-- इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय (राजपत्रित) सेवा भरती नियम, 2019 है।

2. **परिभाषाएं.**-- इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,--

(क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है राज्य सरकार;

(ख) "आयोग" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग;

(ग) "समिति" से अभिप्रेत है, लोक सेवा आयोग की समिति;

(घ) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, आयुक्त, पुरातत्व;

(ङ) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, नियम 11 के अंतर्गत भरती के लिए ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा;

(च) "सरकार" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश सरकार;

(छ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश के राज्यपाल;

(ज) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा, समय-समय पर, यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ 8--5--पच्चीस/4/84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(झ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमो से संलग्न अनुसूची;

(ञ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा किसी जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या उसमें का यूथ जिसे भारत के

संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो ;

(ट) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, कोई जनजाति या जनजाति समुदाय अथवा जनजाति या जनजाति समुदाय का भाग या उसमें का यूथ, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो ;

(ठ) "सेवा" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय (राजपत्रित) सेवा;

(ड) "राज्य" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य।

3. **विस्तार तथा लागू होना.**– मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम इस सेवा के प्रत्येक सदस्य को लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.**– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ के समय, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पद मूलरूप से धारण कर रहे हों।

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने से पूर्व सेवा में भरती किए गए हों।

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भरती किए गए हों।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि.**– सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित किए गए पदों की संख्या, अनुसूची–एक में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगी :

परन्तु सरकार, समय–समय पर, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में स्थायी या अस्थायी तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगी।

6. **भरती का तरीका.**–

(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में भरती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् :–

(क) अनुसूची–दो तथा तीन में विहित किए गए अनुसार सीधी भरती द्वारा, चयन द्वारा एवं प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा।

(ख) अनुसूची–चार के कालम (2) में दर्शाए गए अनुसार पदोन्नति द्वारा।

(ग) इस निमित्त यथा विनिर्दिष्ट ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों पर मूलरूप से नियुक्त व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भरती किए गए व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में वर्णित पदों की संख्या या अनुसूची–दो में दर्शाई गई प्रतिशतता से किसी भी समय अधिक नहीं होगी।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को, जिन्हें भरती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भरती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भरती किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर आयोग के परामर्श से सरकार द्वारा अवधारित की जाएगी।

7. **सेवा में नियुक्ति.**– इन नियमों के प्रारभं होने के पश्चात्, सेवा में समस्त नियुक्तियां, सरकार द्वारा की जाएंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम–6 में विनिर्दिष्ट भरती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. **सीधी भरती के लिए ,पात्रता की शर्तें.**– चयन हेतु पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात् :–

(1) **आयु.**–(क) उसने चयन प्रारंभ होने की तारीख से ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को अनुसूची–तीन के कालम (3) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो तथा उक्त अनुसूची के कालम (4) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो;

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गों से संबद्ध हो तो उच्चतर आयु–सीमा अधिकतम पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ग) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के नियम 4 के उपबंधों के अनुसार किसी महिला अभ्यर्थी की उच्चतर आयु–सीमा अधिकतम पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में भी, जो मध्यप्रदेश सरकार के कर्मचारी हैं या कर्मचारी रह चुके हैं, उच्चतर आयु–सीमा, नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तक तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी :–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी सरकारी सेवक हो, 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए;

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण करता हो तथा किसी अन्य पद के लिए आवेदन कर रहा हो, 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए। यह रियायत आकस्मिकता निधि से भुगतान पाने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना क्रार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी;

(तीन) ऐसे अभ्यर्थी को जो छंटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा की, अधिकतम 7 वर्ष की सीमा तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा :

परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु–सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण.– पद "छंटनी किया गया सरकारी सेवक" से द्योतक है ऐसा व्यक्ति, जो इस राज्य की या किसी संघटक इकाईयों की अस्थायी सरकारी सेवा में छह मास से अनिम्न की निरंतर कालावधि तक रहा था और जिसे रोजगार कार्यालय में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने या सरकारी

सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किए जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया था।

(चार) ऐसे अभ्यर्थी को, जो भूतपूर्व सैनिक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु–सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो;

स्पष्टीकरण.– पद ''भूतपूर्व सैनिक'' से द्योतक है ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी प्रवर्ग का रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन छह से अनिम्न मास की कालावधि तक निरन्तर नियोजित रहा था और जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से तीन से अनधिक वर्ष पूर्व, मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किए जाने के कारण छंटनी की गई थी या जिसे अतिशेष (सरप्लस) घोषित कर दिया गया था :–

(1) ऐसा भूतपर्व सैनिक, जो सेवानिवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें दूसरी बार नामांकित किया गया हो; और

(क) अल्पकालीन वचनबंध पूर्ण कर लेने पर;

(ख) नामांकन संबंधी शर्तें पूर्ण कर लेने पर,

सेवोन्मुक्त किया गया हो।

(3) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व सैनिक;

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक), जिनमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित हैं, उनकी संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किए गए हों;

(5) ऐसे अधिकारी, जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छह माह से अधिक समय तक निरन्तर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो;

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव हो जाने आदि के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो। ऐसेव्यक्ति जो दिनांक 1–1–1963 के बाद पूर्णकालिक कैडेट अनुदेशक (इन्स्ट्रक्टर्स) के रूप में एन.सी.सी. में भर्ती किए गए हों, उन्हें उनकी आरंभिक/विस्तारित अवधि समाप्त होने पर एन.सी.सी. से निर्मुक्त कर दिए जाने पर यह समझा जाएगा कि वे राज्य सरकार के अधीन असैनिक पदों पर नियोजन के प्रयोजन के लिए छंटनी किए गए सरकारी कर्मचारी हैं और उनकी वास्तविक आयु में से उनके द्वारा एन.सी.सी. में की गई सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा और यदि इसके परिणामस्वरूप आयु किसी विशिष्ट पद के लिए विहित की गई उच्चतर आयु–सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो तो वे उस पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु संबंधी शर्तों को पूरा करने के लिए योग्य समझे जाएंगे बशर्ते कि वे सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र. 1134–सी आर–88–एक(तीन) दिनांक 27–5–1966 में अंतर्विष्ट निर्देशों के अनुसार आवश्यक प्रमाण–पत्र रखते हों;

(ङ.) विधवा, निराश्रित या तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु–सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(घ) आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन किसी दम्पति के पुरस्कृत सवर्ण पति/पत्नी के मामले में सामान्य उच्चतर आयु–सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(छ) "विक्रम पुरस्कार" धारक अभ्यर्थियों के मामले में सामान्य उच्चतर आयु–सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ज) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में, जो मध्यप्रदेश राज्य/निगम/मण्डल के कर्मचारी हैं उच्चतर आयु–सीमा नियमानुसार शिथिलनीय होगी;

(झ) नगर सेना (होम गार्ड्स) के स्वयंसेवी नगर सैनिकों एवं नान–कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में, उनके द्वारा की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिए उच्चतर आयु 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए, शिथिलनीय होगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

टिप्पणी.– (1) ऐसे अभ्यर्थी जो ऊपर खण्ड (ग) के उपखण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन चयन हेतु पात्र पाए गए हैं, यदि वे आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् या तो चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं, तो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा या पद से छंटनी की गई हो तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे।

टिप्पणी.– (2) किसी भी अन्य मामले में ये आयु–सीमा शिथिल नहीं की जाएगी। विभागीय अभ्यर्थी को चयन हेतु उपस्थित होने के लिए उनके नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करनी होगी।

(2) **शैक्षणिक अर्हताएं.**– अभ्यर्थी के पास, अनुसूची–तीन में यथादर्शित सेवा के लिए विहित शैक्षणिक अर्हता होनी चाहिए:

(क) आपवादिक मामलों में, नियुक्ति प्राधिकारी की सिफारिश पर, आयोग किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगा, जो यद्यपि इन नियमों में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता न रखता हो, किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षाएं ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हों, जो समिति की राय में चयन के लिए अभ्यर्थी के विचारण को न्यायसंगत ठहराती हों, और

(ख) ऐसे अभ्यर्थियों पर भी, जो अन्यथा अर्ह हैं, किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधि ली हो, जो ऐसे विश्वविद्यालय हैं जिन्हें सरकार द्वारा विशेष रूप से मान्यता नहीं दी गई है, समिति के विवेकानुसार परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिए विचार किया जा सकेगा।

(3) **फीस.**– अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित फीस का भुगतान करना होगा।

9. **निरर्हता.**– (1) किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के संबंध में निरर्हता माना जा सकेगा।

(2) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई, न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा में या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हो, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।

(4) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया हो तो वह सेवा या पद में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा :

परन्तु जहां किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध ऐसे मामले किसी न्यायालय में लंबित हैं, तो उसकी नियुक्ति का विषय आपराधिक मामले के अंतिम निपटारे तक लंबित रखा जाएगा।

(5) कोई भी अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हों अथवा यदि अभ्यर्थी महिला है जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसकी पहले से ही पत्नी हो, सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा.**– परीक्षा/चयन में प्रवेश के लिए किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में आयोग का विनिश्चिय

अंतिम होगा तथा ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे आयोग द्वारा प्रवेश प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया गया हो, परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

11. **प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भरती.–**

(1) सेवा में भरती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अंतरालों से ली जाएगी, जैसा कि आयोग के परामर्श से सरकार, समय–समय पर अवधारित करे।

(2) आयोग द्वारा परीक्षा ऐसे आदेशों के अनुसार संचालित की जाएगी, जैसाकि आयोग के परामर्श से सरकार, समय–समय पर जारी करे।

(3) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार सीधी भरती के प्रक्रम में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित व्यक्तियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे।

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय उन अभ्यर्थियों को, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम में किया जाएगा, जिसमें उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आए हैं, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों को, जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए, समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त अनुशंसित किया गया हो, उप–नियम (3) के अधीन, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तयों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(6) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अंतर्गत महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण किया जाएगा।

(7) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भरती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए कतिपय कालावधि का अनुभव एक आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और यह पाया जाए कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, सक्षम प्राधिकारी, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा।

(8) यदि अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थी उनके लिए आरक्षित समस्त रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों तो शेष रिक्तियां, सरकार से पूर्व अनुमोदन के बिना, किसी अन्य प्रवर्ग से नहीं भरी जाएंगी और इन रिक्तियों को उस प्रवर्ग से भिन्न अभ्यर्थियों के लिए अनारक्षित नहीं किया जाएगा जिसके लिए पद या पदों को आरक्षित रखा गया है।

12. **आयोग द्वारा सिफारिश किए गए अभ्यर्थियों की सूची.–**

(1) आयोग ऐसे स्तर से उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्हित हों जैसा कि समिति अवधारित करे और ऐसे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उन अभ्यर्थियों की सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं हैं किन्तु आयोग द्वारा प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किए गए हैं सरकार को अग्रेषित करेगा। यह सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भी प्रकाशित की जाएगी।

(2) इन नियमों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए, उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिसमें कि उनके नाम चयन सूची में आए हों।

(3) चयन सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किए जाने से ही उसे नियुक्ति का तब तक कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा, जब तक कि सरकार का ऐसी

जांच करने के पश्चात्, जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाए कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

13. **परिवीक्षा.**– सेवा में सीधी भर्ती किए गए प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा।

14. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.**–

(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति के लिए प्रारंभिक चयन करने हेतु अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्यों से मिलकर एक समिति गठित की जाएगी :

परन्तु यदि पदोन्नति समिति की अध्यक्षता करने वाले सदस्य को छोड़कर अन्य सदस्यों में से कोई सदस्य यथा निदेशित अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो उस दशा में, पदोन्नति समिति में उसी प्रास्थिति के एक सदस्य को सम्मिलित किया जाएगा और पदोन्नति समिति के सदस्यों की संख्या उस सीमा तक बढ़ाई जाएगी।

(2) अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए, अभ्यर्थी की पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा पदोन्नति द्वारा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नियमों तथा अनुदेशों के अनुसार उसके कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होगी।

(3) प्रत्येक नियुक्ति प्राधिकारी, उसके द्वारा जारी किए जाने वाले पदोन्नति आदेश पर, इस आशय का पृष्ठांकन करेगा कि उसने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) के उपबंधों का अनुसरण किया है तथा उक्त अधिनियम तथा नियमों के उपबंधों के आलोक में राज्य सरकार द्वारा जारी अनुदेशों के अनुपालन में है और उसे उक्त अधिनियम की धारा 6 के खण्ड (1) के उपबंधों की पूर्ण जानकारी है।

(4) आरक्षित पदों की पदोन्नति के लिए प्रक्रिया सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगी।

5. विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक ऐसे अंतरालों से की जाएगी जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी निदेशित करे। किन्तु ऐसा अन्तराल सामान्यतः एक वर्ष से अधिक नहीं होगा।

15. **पदोन्नति के लिए पात्रता की शर्तें.–**

समिति उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को उन पदों पर, जिनसे कि पदोन्नति की जानी है, या सरकार द्वारा उनके समतुल्य घोषित किए गए किसी अन्य पद या पदों पर, उतने वर्षों की सेवा, चाहे स्थानापन्न रूप में या मूल रूप में पूर्ण कर ली थी, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट है और जो विचारण क्षेत्र के भीतर आते हों :

परंतु किसी कनिष्ठ व्यक्ति को केवल उसके द्वारा विहित सेवा की कालावधि पूर्णकर लेने के आधार पर ही उससे वरिष्ठ व्यक्तियों से बरीयता में पदोन्नति हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

16. **चयन सूची.–**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी, समिति द्वारा तैयार की गई चयन सूची पर अन्य दस्तावेजों के साथ विचार करेगा और जब तक वह कोई परिवर्तन आवश्यक न समझे, सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त चयन सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों की जानकारी समिति को देगा तथा समिति की टिप्पणियों पर, विचार करने के पश्चात् को ऐसे उपांतरणों के साथ, यदि कोई हों, जो उसकी राय में न्यायसंगत हों, चयन सूची अंतिम रूप से अनुमोदन कर सकेगा।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई चयन सूची, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट किए गए पदों से उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट किए गए पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए चयन सूची होगी।

(4) चयन सूची जब तक कि नियम 14 के उप–नियम (5) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण नहीं किया जाता, साधारणतः एक वर्ष की कालावधि के लिए प्रवृत्त रहेगी, किन्तु उसकी विधिमान्यता उसे तैयार किए जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी :

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या उनके कर्तव्यों के निर्वहन में गम्भीर चूक होने की दशा में, नियुक्ति प्राधिकारी की प्रेरणा पर चयन सूची का विशेष पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और समिति, यदि वह उचित समझे तो, ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी।

17. **आयोग से परामर्श.**– विभागीय पदोन्नति समिति की, जिसकी अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य द्वारा की गई हो, सिफारिश के बारे में यह समझा जाएगा कि संविधान के अनुच्छेद 320 के खंड (3) के उप खंड (ख) के अधीन आयोग से परामर्श करने की अपेक्षा का अनुपालन हो गया है। आयोग के साथ पृथक् से परामर्श आवश्यक नहीं होगा :

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या उनके कर्तव्य के निर्वहन में कोई गंभीर चूक होने की दशा में, सरकार की प्रेरणा पर चयन सूची का विशेष पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और आयोग, यदि वह उचित समझे तो, ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगा।

18. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.–**

(1) चयन सूची में सम्मिलित अधिकारियों की सेवा के संवर्ग (काडर) के पदों पर नियुक्ति उसी क्रम में की जाएगी जिसमें ऐसे अधिकारियों के नाम चयन सूची में आए हों :

परन्तु जहां प्रशासनिक अत्यावश्यकता के कारण ऐसा करना अपेक्षित हो, वहां किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित है अथवा जिसका नाम चयन सूची में अगले क्रम में हो, सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा, यदि सरकार का यह समाधान हो जाए कि रिक्ति तीन माह से अधिक के लिए रहने की संभावना नहीं है।

(2) साधारणतः उस व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित हो, सेवा में नियुक्ति के पूर्व आयोग से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची से उसका नाम सम्मिलित किए जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि में उसके कार्य में ऐसी कोई गिरावट न आ गई हो, जो सरकार की राय में, ऐसी हो, जो उसे सेवा में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त हो गया हो।

19. **निरसन तथा व्यावृत्ति.**– इन नियमों के तत्स्थानी और इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैं :

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किए गए किसी भी आदेश या की गई किसी कार्रवाई के संबंध में यह समझा जाएगा कि वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया या की गई है।

अनुसूची—एक
(नियम 5 देखिए)
वर्गीकरण, वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

विभाग का नाम	सेवा में सम्मिलित पदों का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, संचालनालय (राजपत्रित सेवा)	1 आयुक्त/संचालक	01	प्रथम—श्रेणी	141800—214700(17)	भारतीय प्रशासनिक सेवा
	2 संयुक्त संचालक	01	—तदैव—	67300—206900(13)	
	3 उप संचालक	06	—तदैव—	67300—206900(13)	
	(एक) क्षेत्रीय—3		—तदैव—	67300—206900(13)	
	(दो) उत्खनन—1		—तदैव—	67300—206900(13)	
	(तीन) संग्रहालय—1		—तदैव—	67300—206900(13)	
	(चार) तकनीकी—1		—तदैव—	67300—206900(13)	
	4 पुरातत्ववेत्ता—सह—संग्रहाध्यक्ष	22	द्वितीय—श्रेणी	56100—177500(12)	पुरातत्ववेत्ता 06 पद एवं संग्रहाध्यक्ष 15 पद एवं उज्जैन संग्रहालय हेतु 01 नवीन पद कुल 22 पद समान पद श्रेणी तथा कर्तव्य के ।
	5 पुरातत्वीय अधिकारी	01	—तदैव—	56100—177500(12)	
	6 पुरालेखवेत्ता	01	—तदैव—	56100—177500(12)	
	7 मुद्राशास्त्री	02	—तदैव—	56100—177500(12)	
	8 कीपर	02	—तदैव—	56100—177500(12)	
	9 लेखाधिकारी	01	—तदैव—	56100—177500(12)	
	10 सहायक यंत्री	05	—तदैव—	42700—135100(10)	भर्ती नियम, 1998 में 02 पद सहायक यंत्री के स्वीकृत हैं तथा 02 पद

					रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं 01 पद उद्यान शास्त्री कुल 05 पद सम्मिलित हैं।
	11 मुख्य रसायनज्ञ	01	–तदैव–	42700–135100(10)	
	12 मुख्य कलाकार	01	–तदैव–	42700–135100(10)	
अभिलेखागार अनुभाग	1 उप संचालक	01	प्रथम–श्रेणी	67300–206900(13)	
	2 पुरालेख अधिकारी (आर्किविस्ट)	04	द्वितीय–श्रेणी	56100–177500(12)	
	3 वैज्ञानिक अधिकारी	01	द्वितीय–श्रेणी	(1)42700–135100(10) (2)56100–177500(12)	(1) जब पद पदोन्नति द्वारा भरा जाना है। (2) लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना है।

अनुसूची–दो
(नियम 6 देखिए)
"भर्ती का तरीका"

विभाग का नाम	सेवा का नाम	कुल पदों की संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशतता			अभियुक्तियां
			सीधी भर्ती द्वारा	पदोन्नति द्वारा	व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
संस्कृति विभाग, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय	(1) आयुक्त / संचालक	1	—	-	100%	भारतीय प्रशासनिक सेवा
	(2) संयुक्त संचालक	1	—	100%	—	
	(3) उप संचालक	6	-	100%	—	पदोन्नति के लिए उपयुक्त व्यक्ति न मिलने को दशा मे, प्रतिनियुक्ति या अन्य सेवाओं से किन्हीं व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा जैसा कि शासन द्वारा प्रत्येक अवसर पर अवधारित किया जाए, भरा जाएगा।
	(एक) क्षेत्रीय–3			100%		
	(दो) उत्खनन–1		-	100%	—	
	(तीन)संग्रहालय–1		-	100%	—	
	(चार) तकनीकी–1		-	100%	—	
	(4) पुरातत्ववेत्ता–सह–संग्रहाध्यक्ष	22	50%	50%		
	(5) पुरातत्वीय अधिकारी	1	100%	-	—	
	(6) पुरालेखवेत्ता	1	100%	-	—	
	(7) मुद्राशास्त्री	2	100%	-	—	
	(8) कीपर	2	-	100%	—	
	(9) लेखाधिकारी	1	-	-	100%	राज्य वित्त तथा लेखा सेवा संवर्ग से प्रतिनियुक्ति द्वारा।
	(10) सहायक यंत्री	5	-	100%	—	पदोन्नति के लिए उपयुक्त व्यक्ति न मिलने की दशा में, प्रतिनियुक्ति या
	(11) मुख्य कलाकार	1	-	100%		

					—	अन्य सेवा से किसी व्यक्ति के स्थानांतरण द्वारा, जैसा कि शासन द्वारा प्रत्येक अवसर पर अवधारित किया जाए, भरा जाएगा।
	(12) मुख्य रसायनज्ञ	1	-	100%	—	
अभिलेखागार अनुभाग	(1) उप संचालक	1	-	100%	—	पदोन्नति के लिए उपयुक्त व्यक्ति न मिलने की दशा में अन्य सेवाओं से प्रतिनियुक्ति या किसी व्यक्ति के स्थानांतरण द्वारा जैसा कि शासन द्वारा प्रत्येक अवसर पर अवधारित किया जाए, भरा जाएगा।
	(2) पुरालेख अधिकारी (पुरालेखपाल)	4	25%	75%	—	—तदैव—
	(3) वैज्ञानिक अधिकारी	1	75%	25%	—	—तदैव—

अनुसूची–तीन

(नियम 8 देखिए)

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की आयु तथा अर्हताएं

विभाग का नाम	सेवा का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
संस्कृति विभाग, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय (राजपत्रित सेवा)	(1) पुरातत्वीय अधिकारी	21 वर्ष	सामान्य प्रशासन विभाग के अनुदेशानुसार	**अनिवार्य :** (1)प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि। (2) माध्यमिक स्तर तक संस्कृत एक विषय के रूप में। **वांछनीय–** किसी मान्यताप्राप्त संस्था से पुरातत्व में डिप्लोमा तथा प्राचीन भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विषय में अनुसंधान कार्य। **टीप.** अभ्यर्थी का अनिवार्य रूप से मध्यप्रदेश में स्थित किसी स्कूल/महाविद्यालय से हायर सेकेण्डरी या स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।	
	(2) पुरातत्ववेत्ता–सह–संग्रहाध्यक्ष	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	
	(3) पुरालेखवेत्ता	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	
	(4) मुद्राशास्त्री	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	
अभिलेखागार अनुभाग	(1) पुरालेख अधिकारी (पुराअभिलेखापाल)	21 वर्ष	–तदैव–	**अनिवार्य–** (क) आधुनिक तथा मध्यकालीन इतिहास	

				विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि या उसके समतुल्य कोई उपाधि। (ख) पुरालेख कार्य का तीन वर्ष का अनुभव। (ग) अंग्रेजी का ज्ञान। **वांछनीय–** पुरालेख अनुरक्षण कार्य का ज्ञान तथा मराठी या फारसी का ज्ञान। **टीप.** अभ्यर्थी का अनिवार्य रूप से मध्यप्रदेश में स्थित किसी स्कूल/महाविद्यालय से हायर सेकेण्डरी या स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।	
	(2) वैज्ञानिक अधिकारी	21 वर्ष	–तदैव–	**अनिवार्य:** (क) रसायन शास्त्र में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि या उसके समतुल्य कोई अन्य उपाधि। (ख) राष्ट्रीय अभिलेखागार या सरकार से मान्यताप्राप्त संस्था से पुरालेख संरक्षण में प्रशिक्षित। **वांछनीय–** अभिलेखागार विभाग में अभिलेखों के वैज्ञानिक संरक्षण का पांच वर्ष का अनुभव। **टीप.** अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से मध्यप्रदेश में स्थित किसी स्कूल/महाविद्यालय से हायर सेकेण्डरी या स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।	

अनुसूची–चार
(नियम 14 देखिए)

विभाग का नाम	उस पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	सेवा का अनुभव	उस पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों के नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
संस्कृति विभाग पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय	1. उप संचालक	5 वर्ष	संयुक्त संचालक	1 अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य–**अध्यक्ष** 2 प्रमुख सचिव/सचिव, संस्कृति विभाग **–सदस्य** 3 आयुक्त/संचालक, पुरातत्व, अभिलेखागर एवं संग्रहालय **–सदस्य** 4 उप सचिव, संस्कृति विभाग संयोजक **–सदस्य सचिव** **टीप** :– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का कोई प्रतिनिधि न होने की दशा में उस वर्ग का समान पद–श्रेणी का अधिकारी सम्मिलित किया जाएगा।
	2. पुरातत्ववेत्ता–सह–संग्रहाध्यक्ष/पुरातत्वीय अधिकारी/पुरालेखवेत्ता/मुद्राशास्त्री/ / कीपर/ मुख्य रसायनज्ञ/ मुख्य कलाकार	5 वर्ष	उप संचालक (क्षेत्रीय) / उप संचालक (संग्रहालय) / उप संचालक (उत्खनन) टिप्पणी– उप संचालक (उत्खनन) के पद पर पदोन्नति के लिए कम से कम 5 उत्खनन का अनुभव आवश्यक होगा।	
	3.सहायक यंत्री	5 वर्ष	उप संचालक (तकनीकी)	
	4. उपयंत्री	सिविल इंजीनियर स्नातक उपाधिधारक के लिए 5 वर्ष का अनुभव तथा सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमाधारी के लिए 8 वर्ष का अनुभव	सहायक यंत्री	

	5. वरिष्ठ कलाकार	5 वर्ष	मुख्य कलाकार	
	6. (क) वरिष्ठ मार्गदर्शक (ख) तकनीकी सहायक (उत्खनन) तकनीकी सहायक (लेखन)	5 वर्ष 8 वर्ष	पुरातत्ववेत्ता–सह–संग्रहाध्यक्ष, कीपर	
	7. रसायनज्ञ	8 वर्ष	मुख्य रसायनज्ञ	
अभिलेखागार अनुभाग	1.पुरालेख अधिकारी (आर्किविस्ट)	पुरालेख अधिकारी के पद पर 5 वर्ष का अनुभव	उप संचालक	1. अध्यक्ष– लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य–**अध्यक्ष** 2. सचिव मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग **–सदस्य** 3. संचालक, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय **–सदस्य** 4. उप सचिव /विशेष सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग **–सदस्य सचिव** **टीप** : अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का कोई प्रतिनिधि न होने की दशा में, उस वर्ग का समान पद–श्रेणी का अधिकारी सम्मिलित किया जाएगा।
	2.वैज्ञानिक अधिकारी	8 वर्ष	उप संचालक	
	3. पंजीयक/सहायक पुरालेखपाल ग्रेड–1	पंजीयक के पद पर 5 वर्ष की सेवा अथवा सहायक पुरालेखपाल वर्ग–1 के पद पर 8 वर्ष की सेवा।	पुरालेख अधिकारी	

No. F-01-09/2018/30 Bhopal, Dated May 2019

NOTIFICATION

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Madhya Pradesh hereby makes the following rules relating to the recruitment for Madhya Pradesh Archaeology, Archives and Museums (Gazetted) Services, namely :-

RULES

1. **Short title and commencement.-**

(1) These rules may be called the Madhya Pradesh Archaeology, Archives and Museums (Gazetted) Service Recruitment Rules, 2019.

2. **Definitions.-** In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Appointing Authority" in respect of the service means the State Government.

(b) "Commission" means the Madhya Pradesh Public Service Commission.

(c) "Committee" means committee of PSC;

(d) "Competent authority" means commissioner, Archaeology;

(e) 'Examination' means the competitive examination held for recruitment under rule 11;

(f) "Government" means the Government of Madhya Pradesh;

(g) "Governor" means the Governor of Madhya Pradesh;

(h) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes of citizens as specified by the State Government vide notification No. F-8-5-XXV/4/84, dated the 26th December 1984 as amended from time to time;

(i) "Schedule" means the schedules appended to these rules;

(j) "Scheduled Castes" means any caste, race or tribe or part of or group within a caste, race or tribes specified as Scheduled Castes with respect to the State of Madhya Pradesh under Article 341 of the Constitution of India;

(k) "Scheduled Tribes" means any tribe or tribal community or part of or group within a tribe or tribal community specified as Scheduled Tribes with respect to the State of Madhya Pradesh under Aricle 342 of the Constitution of India;

(l) "Service" means the Madhya Pradesh Archaeology, Archives and Museums (Gazetted) Service.

(n) "State" means the State of Madhya Pradesh.

3. **Scope and Application.**- Without prejudice to the generality of the provisions contained in Madhya Pradesh Civil Services (General Conditions of Services) Rules, 1961, these rules shall apply to every member of the service.

4. **Constitution of Service.**- The Service shall consist of the following persons, namely:-

(1) Persons, who at the commencement of these rules are holding substantively the posts specified in Schedule I.

(2) Persons recruited to the service before the commencement of these Rules,

(3) Persons recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classification, Scale of Pay etc.-** The classification of the service, the number of posts included in the service and the scale of pay attached thereto, shall be in accordance with the provisions contained in Schedule-I:

Provided that the Government may, from time to time, add to or reduce, the number of posts included in the service, either on a permanent or temporary basis.

6. **Method of Recruitment.-**

(1) After commencement of these rules, the recruitment to service, shall be made by following methods, namely :-

(a) by direct recruitment, by selection and by Competitive examination as prescribed in Schedule II and III.

(b) by promotion as shown in column (2) of Schedule-IV.

(c) by transfer of persons appointed substantively on such posts in such services as specified in this behalf.

(2) The number of persons recruited under clause (b) or clause (c) of sub-rule (1) shall not, any time, exceed the number of posts mentioned in schedule-I or the percentage shown in Schedule II.

(3) Subject to the provisions of these rules, the method or methods of recruitment to be adopted for the purpose of filling any particular vacancy or vacancies in the service as may be required to be filled during any particular period of recruitment and the number of persons to be recruited by each method, shall on each occasion be determined by the Government in consultation with the Commission.

